समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी ! जुलाई से महंगाई भत्ता 4% बढ़ सकता है, जाने कितना मिलेगा फायदा।

Publisher Published on 04 Jul 2025



## महंगाई के दबाव को देखते हुए मोदी सरकार जुलाई 2025 मे DA बढ़ाने की तैयारी मे, AICPI-IW इंडेक्स के आधार पर तय होगा नया दर।

**केंद्रीय कर्मचारियों के लिए खुशखबरी ! जुलाई से महंगाई भत्ता 4% बढ़ सकता है, जाने कितना मिलेगा फायदा।**

**DA Hike: केंद्रं सरकार** में कार्यरत लाखों कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। **नरेंद्रं मोदी** के नेतृत्व वाली सरकार **जुलाई 2025** में **महंगाई भत्ते (Dearness Allowance – DA)** में **4%** की बढ़ोतरी कर सकती है। इस बढ़ोतरी के बाद **केंद्रीय कर्मचारियों** को मौजूदा **55% के बजाय 59% DA** मिलेगा।

**महंगाई के दबाव को देखते हुए फैसला संभव**
**मई 2025** में **ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स (AICPI-IW)** में **0.5** अंक की वृद्धि देखी गई है, जिससे यह **144** के स्तर पर पहुंच गया। मार्च में यह **इंडेक्स 143** और अ**प्रैल मे 143.5** था। अगर जून में भी यह बढ़त जारी रहती है और आंकड़ा **144.5** तक पहुंच जाता है तो 12 महीने का औसत **AICPI-IW करीब 144.17** रहेगा।

इसी आंकड़े के आधार पर सरकार हर साल जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते की दर को संशोधित करती है।

**क्या है AICPI-IW इंडेक्स और इसका महत्व ?**
**AICPI-IW इंडेक्स औद्योगिक श्रमिकों** की जीवन लागत और महंगाई का सूचकांक होता है। सरकार इसी के आधार पर **केंद्रीय कर्मचारियों** के महंगाई भत्ते को तय करती है। जब इस इंडेक्स में वृद्धि होती है, तो यह संकेत होता है कि लोगों के खर्च बढ़ रहे हैं

और **सरकार DA बढ़ाकर** इस असर को संतुलित करने की कोशिश करती है।

### DA बढ़ने से कितनी बढ़ेगी सैलरी ?

महंगाई भत्ते में **4%** बढ़ोतरी का सीधा फायदा **कर्मचारियों को उनकी बेसिक सैलरी** पर मिलेगा। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी कर्मचारी की **बेसिक सैलरी 18,000 रुपये** है और **DA मौजूदा 55%** से बढ़कर **59%** हो जाता है, तो उसे महंगाई भत्ते के रूप में अब **10,620 रुपये** मिलेंगे, जबकि अभी उसे **9,900 रुपये** मिलते हैं। यानी हर महीने **720 रुपये** की अतिरिक्त सैलरी मिलेगी।

वहीं अगर किसी कर्मचारी की **बेसिक सैलरी 50,000 रुपये** है, तो **DA** बढ़ने के बाद महंगाई भत्ता **27,500 रुपये** से बढ़कर **29,500** रुपये हो जाएगा। ऐसे में हर महीने करीब 2,000 रुपये का सीधा फायदा होगा।

### PF और ग्रैच्युटी पर भी असर

**DA मे वृद्धि** का असर सिर्फ सैलरी तक सीमित नहीं होता, बल्कि **PF (Provident Fund)** और **ग्रैच्युटी** जैसी अन्य सुविधाओं पर भी पड़ता है। क्योंकि ये दोनों भी **बेसिक सैलरी** और **DA** के आधार पर तय होती हैं।

### कब होगा औपचारिक ऐलान ?

सरकार की ओर से औपचारिक ऐलान जुलाई के मध्य तक हो सकता है। जुलाई से नया **DA** लागू होने की संभावना है और अगस्त की सैलरी में इसका असर दिख सकता है। **वित्त मंत्रालय** और **कार्मिक विभाग** जल्द ही इस संबंध में अंतिम फैसला कर सकते हैं।

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए **DA मे 4%** बढ़ोतरी महंगाई के दौर में राहत की खबर है। इससे कर्मचारियों की सैलरी में सीधा फायदा होगा और उनकी क्रय शक्ति में इजाफा होगा। **महंगाई भत्ता** बढ़ाकर सरकार ने कर्मचारियों को राहत देने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाया है। अब सभी की नजरें सरकार के आधिकारिक ऐलान पर टिकी हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.